# ओपिओइड(अफीम उत्पादों) का उपयोग और दुरूपयोग बढ़ रहा है

क्या जानना ज़रूरी है और मदद कैसे करनी चाहिए, इसके बारे में यहां बताया गया है।

## नशीली दवाओं के दुरुपयोग के कुछ चिंताजनक आंकड़े

दुनिया भर में कोकीन और सिंथेटिक ओपिओइड के अवैध नशा बाजारों का विस्तार हो रहा है। और डीलर युवाओं सहित संभावित खरीदारों को टारगेट करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं। इसके साथ ही, पदार्थ उपयोग विकार और ओवरडोज़ — घातक और अ-घातक दोनों ही — बढ़ते जा रहे हैं।

- एक अनुमान के अनुसार पिछले 12 महीनों में 15-64 वर्ष की आयु के 17 में से 1 व्यक्ति ने किसी न किसी नशीली दवा का उपयोग किया है।
- उपयोगकर्ताओं की संख्या में 2011 से 2021 के बीच 23% (240 मिलियन से 296 मिलियन) वृद्धि हुई — यह दर जनसंख्या वृद्धि दर से अधिक है।
- उनमें से लगभग 20% (60 मिलियन) लोगों ने ओपिओइड का उपयोग किया।
- अधिकांश नशीली दवाओं से संबंधित मौतें (लगभग 80%) ओपिओइड के उपयोग से संबंधित हैं, जिनमें ओवरडोज दर भी सबसे अधिक है।

## अफीम के उत्पाद कैसे काम करते हैं

ओपिओइड (अफीम के उत्पाद) मस्तिष्क और शरीर में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं के विशेष भागों से जुड़कर काम करते हैं, जिन्हें म्यू-ओपिओइड रिसेप्टर्स (mu-opioid receptors) कहा जाता है। जब इन्हें सही से इस्तेमाल किया जाता है, तो ये दर्द कम कर सकते हैं और खांसी रोक सकते हैं। लेकिन अफीम उत्पादों से आनंद या उल्लास की तीव्र भावना भी पैदा हो सकती है, जिससे लोगों को बार-बार उनका उपयोग करने की आदत लग सकती है। इससे निर्भरता और लत पैदा हो सकती है, चाहे वह अफीम के उत्पाद हेरोइन हो या कोई प्रिसक्रिप्शन दवाई।

ओवरडोज़ से अनेक मौतें तब होती हैं जब उपयोगकर्ता अनजाने में, यह सोचकर कि वे हेरोइन या प्रिस्क्रिप्शन गोलियाँ खरीद रहे हैं, fentanyl खरीद लेते हैं और उसका उपयोग करते हैं। Fentanyl को अक्सर हेरोइन, कोकीन, मेथामफेटामाइन और अन्य नशीली दवाओं के साथ मिला कर उपयोग किया जाता है। यह हेरोइन या प्रिसक्रिप्शन अफीम उत्पादों से 100 गुना तक अधिक शक्तिशाली होती है।

चूंकि अफीम के उत्पाद — प्रिसक्रिप्शन और अवैध स्रोतों दोनों के माध्यम से — दुनिया भर में अधिक मात्रा में उपलब्ध हो रहे हैं, इसलिए दुनिया भर के विशेषज्ञों का अनुमान है कि दुरुपयोग, पदार्थ दुरूपयोग विकार और ओवरडोज़ में वृद्धि जारी रहेगी।

# निवारण और ईलाज

इस चिंताजनक प्रवृत्ति को ठीक करने में मदद करने के लिए, दुनिया भर में स्वास्थ्य देखभाल, नीति निर्धारण और न्याय संगठन अफीम उत्पादों के उपयोग और दुरुपयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। वे इससे निपटने के लिए रणनीति भी बना रहे हैं — और अफीम उत्पादों के उपयोग के विकारों के ईलाज और घातक ओवरडोज़ को रोकने के लिए चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित दवाओं को अधिक व्यापक रूप से उपलब्ध कराने का काम कर रहे हैं।

मादक पदार्थों के सेवन से जुड़े विकार — जिसमें अफीम उत्पादों की लत भी शामिल है — का ईलाज संभव है। इसमें संयम, संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी (बातचीत थेरेपी) और स्वयं सहायता समर्थन के संयोजन के साथ-साथ अफीम उत्पादों के सेवन से जुड़े विकार के लिए दवाएँ भी शामिल हैं। जब लोगों को उचित स्तर की देखभाल और समर्थन मिलेगा, तो वे स्थिरता प्राप्त कर सकते हैं, लचीलापन विकसित कर सकते हैं और सुधार को बनाए रख सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, Naloxone दवा अफीम उत्पादों के ओवरडोज़ के जानलेवा प्रभावों को बेअसर कर सकती है। इसे प्रयोग करना आसान माना जाता है और दुनिया के कई हिस्सों में इसे प्रिसक्रिप्शन पर और/या बिना प्रिसक्रिप्शन के इस्तेमाल करने की मंजूरी दी गई है।

## ओवरडोज़ के लक्षणों को जानना

- सिर भारी महसूस होने लगता है
- उस व्यक्ति का नाम पुकारने या छाती के बीच के हिस्से को ज़ोर से रगड़ने पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं होती
- होंठ या उँगलियाँ नीली पड़ जाती हैं
- सांस धीमी हो जाती है (प्रत्येक पांच सेकंड में एक सांस से भी कम) या बिल्कुल भी नहीं आती
- शरीर बहुत ही कमज़ोर लगता है और चेहरा बहुत पीला पड़ जाता है
- घुटन या गुड़गुड़, खर्राटे जैसी आवाज़ें आती हैं

## आपातकालीन स्थिति में naloxone (नालोक्सोन) का उपयोग कैसे किया जाता है

ओवरडोज़ की स्थिति में, शांत रहें और नाक वाली स्प्रे के रूप में naloxone का तुरंत उपयोग करने के लिए इन चरणों का पालन करें:

1. Narcan नेजल स्प्रे की डोज़ देने के लिए व्यक्ति को पीठ के बल लिटाएँ।
2. Narcan नेज़ल स्प्रे बॉक्स से बाहर निकालें। Narcan नेजल स्प्रे खोलने के लिए टैब को सर्कल से पीछे की तरफ खींचें।
3. Narcan नेजल स्प्रे को अपने अंगूठे को लाल प्लंजर के नीचे तथा अपनी तर्जनी और मध्यमा उंगली को नोज़ल की किसी एक साइड में रखकर पकड़ें।
4. व्यक्ति के सिर को पीछे की तरफ झुकाएं और गर्दन के नीचे अपने हाथ से सहारा दें। नोज़ल की नोक को धीरे-धीरे एक नथुने में नोज़ल के किसी एक साइड की आपकी उंगली व्यक्ति की नाक के निचले हिस्से पर आजाने तकडालें।
5. Narcan नेजल स्प्रे की डोज़ देने के लिए लाल प्लंजर को मजबूती से दबाएँ।
6. खुराक दे चुकने के बाद Narcan नेज़ल स्प्रे को नाक से बाहर निकाल लें।

**महत्वपूर्ण:** यदि तीन मिनट में कोई प्रतिक्रिया न हो, तो दूसरी डोज़ दें। एक बार naloxone (नालोक्सोन) दे दिए जाने के बाद, तुरंत 911 डायल करें, क्योंकि दवा का असर 30 से 90 मिनट में खत्म हो जाएगा।

स्त्रोत


United Nations. World Drug Report 2023. जून 2023।

World Health Organization. Opioid overdose. 29 अगस्त, 2023।

Government of Canada. About opioids.

Optum. Frequently asked questions: Medications for opioid use disorder (MOUD) and medications for alcohol use disorder (MAUD). Jan. 2023.

Optum. What you should know about Naloxone. 6 जून, 2022।

U.S. Department of Justice. Opioid Facts. 28 नवम्बर, 2022।

Penington Institute. Global Overdose Snapshot.


**महत्वपूर्ण सहायता जब आपको इसकी आवश्यकता हो**

किसी भी अतिरिक्त महत्वपूर्ण सहायता संसाधनों और जानकारी के लिएविजिट करें optumwellbeing.com/criticalsupportcenter।

Optum

**इस कार्यक्रम का उपयोग आपातकालीन या तत्काल देखभाल आवश्यकताओं में नहीं किया जाना चाहिए। किसी आपातकालीन स्थिति में, 911 पर कॉल करें या निकटतम आपातकालीन कक्ष में जाएँ।** यह कार्यक्रम किसी डॉक्टर या पेशेवर की देखभाल का विकल्प नहीं है। विशिष्ट स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं, उपचार या दवा के लिए अपने चिकित्सक से परामर्श लें। हितों के टकराव की संभावना के कारण, उन मुद्दों पर कानूनी परामर्श प्रदान नहीं किया जाएगा जिनमें Optum या उसकी सहयोगी कंपनियों, या ऐसे किसी भी संस्थान, जिसके माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कॉल करने वाले को ये सेवाएँ प्राप्त हो रही हैं (उदाहरण के लिए, नियोक्ता या स्वास्थ्य योजना) के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शामिल हो सकती है। यह कार्यक्रम और इसके घटक सभी राज्यों में या सभी आकारों के समूहों के लिए शायद उपलब्ध न हों और इसमें बदलाव भी हो सकते हैं। कवरेज बहिष्करण और सीमाएं लागू हो सकती हैं।

© 2025 Optum, Inc. सर्वाधिकार सुरक्षित। WF17331758 341583-042025 OHC